# बौद्ध सर्किट के पर्यटन विकास पर काम करेगा जापान

लखनऊ। जापान का यामानाशी प्रांत, उत्तर प्रदेश के साथ मिलकर बौद्ध सर्किट के पर्यटन विकास के लिए मिलकर काम करेंगे। इसके लिए बृहस्पतिवार को जापानी प्रतिनिधिमंडल और पर्यटन विभाग के बीच निवेश के अवसर तलाशे गए। इन्वेस्ट यूपी के सहयोग से जापान के यामानाशी प्रीफेक्चर प्रतिनिधिमंडल ने एक होटल में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह व अधिकारियों के साथ मंथन किया।

यामानाशी के उप राज्यपाल कोऊ ओसाडा के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल ने सांस्कृतिक और आर्थिक सहयोग पर विचार-विमर्श किया। भगवान बुद्ध से जुड़े प्रदेश के छह प्रमुख बौद्ध स्थलों को लेकर रणनीति बनाई गई। पर्यटन मंत्री ने प्रदेश की निवेशक अनुकूल नीतियों, विशेष रूप से पर्यटन नीति की चर्चा की। उप राज्यपाल कोऊ ओसाडा ने यूपी की सांस्कृतिक विविधता की प्रशंसा की। प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने दोनों क्षेत्रों के टूर ऑपरेटरों के लिए फैम ट्रिप के आयोजन के साथ-साथ नियमित बौद्ध संगोष्ठियों के आयोजन का सुझाव दिया। ब्यूरो

जापान के प्रतिनिधिमंडल के साथ पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह।